हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 8 जनवरी, 2024

## मैराथन में दौड़ी संस्कारधानी

# फिटनेस का संदेश देने एक साथ सड़क पर उतरे ढाई हजार लोग

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव रनर्स द्वारा रविवार के दिन आयोजित मैराथन में संस्कारधानी के ढाई हजार से अधिक लोग फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश देने एक साथ सड़क पर उतरे।

अलसुबह छह बजे से शुरू हुई इस मैराथन में तीन अलग-अलग श्रेणी रखी गई थी। जिसमें 21, 10 और 5 किमी शामिल था। शहर के युवाओं सहित बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में आम लोगों के साथ ही जिला कलेक्टर, एसपी सहित आला अफसर व राजनीति से जुड़े लोग भी शामिल हुए।

### लगातार तीसरा आयोजन

राजनांदगांव रनर्स द्वारा शहर में फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए लगातार तीन सालों से इस मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। हर गुजरते साल के साथ इस आयोजन से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं।

### इन्होंने जीती मैराथन

समिति से मिली जानकारी अनुसार 21 किमी वाली मैराथन पुरूष वर्ग में लीलाराम बावने, महिला वर्ग में रूखमणी साहू ने जीती। 10 किमी पुरूष वर्ग में ओमकर वर्मा, महिला में रिया देहातरे प्रथम रही। ऐसे ही 5 किमी मैराथन पुरूष वर्ग में आशुतोष कुमार व महिला में मिताली भोयर ने पहला स्थान प्राप्त किया।









## मेडिकल सहित घर में चोरी की वारदात, जांच में जुटी पुलिस की टीम

# दर्जनभर मकानों के टूटे ताले, दो घरों से लाखों रुपए नगदी सहित आभूषण पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सीमा के आउटर इलाके रेवाडीह वार्ड में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। यहां एक मेडिकल स्टोर अस्पताल सहित एक घर में चोरी की वारदात किए। वहीं दर्जनभर घरों का ताला तोड़ा। चोरों ने कई लोगों के घरों का बाहर से कुंदा भी लगा दिया था। इस घटनाक्रम से क्षेत्र के लोग दहशत में आ गए हैं। वही सनसनी फैल गई है। पुलिस अज्ञात चोरों की पता तलाश में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के रेवाडीह वार्ड मेन रोड में स्थित तिवारी मेडिकल स्टोर एवं अस्पताल का शटर उठाकर चोर भीतर प्रवेश किए और नगदी रकम लगभग 2 से 3 लाख रुपए की चोरी कर ली। यहां रखे कम्प्यूटर सिस्टम को भी क्षतिग्रस्त कर मानिटर चोरी कर लिए। चोरों ने सीसीटीवी को भी क्षतिग्रस्त किया और क्लीनिक का दरवाजा तोड़कर क्षतिग्रस्त किया।



### आलमारी का ताला तोड़ चोरी, सामान बिखेरा

बताया गया कि इधर रेवाडीह इलाके के ही प्रधानमंत्री आवास क्षेत्र में भी चोरों ने दबिश दी। इस दौरान मुनमुन चौबे का घर का ताला तोड़कर चोरों ने आलमारी का रखा सामान बिखेर दिया और यहां रखे आभूषण एवं नगदी रकम पार कर दिया। लगभग 40-45 हजार रुपए के सामानों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इसके अलावा हेमलता ठाकुर के घर का भी ताला तोड़कर चोरों ने घर का सामान बिखेर दिया था।

### दरवाजे में बाहर से कुंदा लगाकर वारदात को दिया अंजाम, क्षेत्र में सनसनी

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि लगभग आधा दर्जन खाली मकानों का भी चोरों ने ताला तोड़ा। वहीं रात में चोरों ने कई लोगों के घरों का बाहर से कुंदा लगा दिया था। इस घटनाक्रम की जानकारी सुबह जब लोगों को हुई तो क्षेत्र में हडकंप मच गया था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, लालबाग थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम सहित लालबाग एवं साईबर टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस इस मामले में सरगर्मी से अज्ञात चोरों की पतासाजी करने जुटी हुई है। इधर एक ही रात में रेवाडीह क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास के दर्जनभर घरों के ताला टूटने एवं मेडिकल स्टोर व एक घर से चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# राम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा : 18 को बाइक रैली और 20 को रामरथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा 1 जनवरी से राजनांदगांव में रामपूजित अक्षत एवं पत्रकों का वितरण किया जा रहा है। राजनांदगांव शहर के 52000 सनातनी परिवारों में अयोध्या से आए मंत्रोचारित्त अक्षतों के साथ जन्मभूमि से आए निमंत्रण एवं पत्रक लगभग 800 रामदूतों द्वारा लगातार घर-घर जाकर वितरण किया जा रहा है।

राजनांदगांव शहर को 35 बस्ती एवं खंडों में बांटकर हर सनातनी परिवार तक यह सामग्री पहुंच जाए, इसके लिए समिति के कार्यकर्ता पूरी लगन एवं श्रद्धा के साथ यह कार्य कर रहे हैं। 15 जनवरी तक यह कार्य पूरा करना है, परंतु कार्यकर्ताओं के उत्साह से लगभग 33000 घरों में यह सामग्री अभी तक पहुंच चुकी है। आकर्षक पोटली में पवित्र अक्षत एवं पत्रक लेकर जब रामदूत सनातनी परिवारों के दरवाजे पहुंचते हैं तो लगभग सभी सनातनी परिवार आरती उतारकर रामदूतों का सम्मान करते हैं।




### 22 बस्तियों में प्रभातफेरी

शहर में लगभग 22 बस्तियों में सुबह प्रभातफेरी भी निकाली जा रही है। इन दिनों राजनांदगांव शहर पूरी तरह राममय होकर अयोध्या की तरह प्रतीत हो रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को मनाने लगभग हर बस्ती, हर घर में उल्लास का माहौल है। आज भी कई बस्तियों में अयोध्या से आए रामपूजीत अक्षत कलश में रखकर प्रतिदिन शोभायात्रा निकल रही है।

### हनुमान मंदिर से शोभायात्रा

समिति द्वारा 18 जनवरी को भव्य मोटर साइकिल में शोभायात्रा निकाली जाएगी। बालक-बालिकाओं एवं महिला-पुरूष अलग-अलग बाइक में एक साथ रामधुन एवं भजनों के साथ पूरे नगर का भ्रमण कर शहर के सभी सनातनियों से 22 जनवरी को फिर से एक बार दिवाली मनाने का आग्रह करेंगे। वहीं 20 जनवरी को विशाल रामरथ यात्रा निकाली जाएगी। आकर्षक पीले, केसरिया एवं लाल परिधानों के साथ नगरवासी आकर्षक रामरथ के साथ शहर का भ्रमण करेंगे। दोनों ही यात्राएं दोपहर 2 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से निकलेगी। 22 जनवरी को सुबह से ही समस्त धर्मप्रेमी अपनी-अपनी बस्तियों में स्थित प्रमुख मंदिरों में जमा होकर भजन-कीर्तन का कार्यक्रम करेंगे। वहीं 11.30 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामलला की मूर्ति स्थापित करने के कार्यक्रम को लाइव देखेंगे। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण कर बस्ती के हर सनातनी परिवार के घर के सामने रंगोली बनाकर एवं आतिशबाजी करते पटाखे फोड़ते अपने-अपने घरों में कम से कम 11 दीये जलाएं, ऐसा कार्यक्रम बनाएंगे।

### तैयारियां जारी

श्री राम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर सहित जिलेभर में व्यापक तैयारियां की जा रही है। - **योगेश बागड़ी,** संयोजक, आयोजन समिति






**खबर संक्षेप**

### राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा 10 से

**डोंगरगांव।** समीपस्थ ग्राम घुघवा साल्हे में आगामी 10 जनवरी से राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आदर्श नवयुवक समिति एवं न्यू टाइगर फुटबाल क्लब द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित उक्त स्पर्धा में कई टीमों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन का 50 वां साल है। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 800 रूपए है। विजेता टीम को 21001 रूपए तथा विनर कप, उपविजेता को 15001 रूपए एवं ट्राफी दिया जाएगा।

### क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**बांधाबाजार।** थुहाडाबरी में गत दिनों रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने किया। अध्यक्षता सरपंच पुरुषोत्तम भैसवारे ने की। विशेष अतिथि मंडल भाजपा अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, विमल यादव, थाना प्रभारी बृजेश सिंहा, चिल्हाटी थाना प्रभारी त्रिपाठी थे। इस दौरान ललित यादव, संदीप मेश्राम, योगेंद्र साहू, रमेशसाहू, राजु साहू, पीला सिंह यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### हार से कभी निराश न हो : जागृति



**डोंगरगांव।** विचारपुर नवागांव उच्चतर माध्यमिक शाला में गत 5 एवं 6 जनवरी को अंतर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का समापन जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु के आतिथ्य में हुआ। श्रीमती यदु ने स्पर्धा में शामिल बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कभी भी पराजय से निराश होने के बजाए जीत का लक्ष्य बनाएं ताकि भविष्य में सफलता अवश्य मिले। कार्यक्रम में सरपंच रुखम चन्द्रवंशी, प्राचार्य मनोज चन्द्रवंशी, कमल मेश्राम, खेमचंद साहूर मकूंद साहू, शोभाराम साहू, संगीता साहू, जमुनालाल कंवर, खिलावन साहू, महेन्द्र चंद्रवंशी, किसुनराम कंवर आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जामरी सड़क में गड्ढे



**मुरमुंदा।** ग्राम से मुड़पार- जामरी तक जाने वाली सड़क पर गड्ढे होने से अंचल के लोगों को आवागमन में परेशान हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के जर्जर होने से कुछ दिन पहले धान की ढुलाई में लगे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई थी। इसी प्रकार बाइक सवार कई लोग गिर कर जख्मी हो चुके है। सड़क के गड्ढों को पाटने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में मुड़पार नदी का पानी रोड के ऊपर से आ जाता है जिससे पुल का गड्ढा दिखाई नहीं देता है और लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

## लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, कठघरे में पूरा निर्माण

# लोगों की पहुंच से दूर कृष्णकुंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



मनोरंजन के साथ पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कृष्णकुंज का निर्माण किया गया था। नगरीय निकाय एवं वन विभाग ने शहर से लगभग 2 किमी दूर सूने इलाके की अनुपयोगी जगह में कृष्णकुंज का निर्माण किया है जो महज दिखावा साबित हो रहा है। लगभग 14 लाख की लागत से बने कृष्ण कुंज की देखरेख के लिए एक कर्मचारी रखा है जो सफाई एवं घास कटाई करता है लेकिन कृष्ण कुंज का गेट कभी खुलता ही नहीं। यहां लगाए गए पौधे की देखरेख के कारण विकसित हो रहे है लेकिन सूने इलाके में होने के कारण लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है।

कृष्ण कुंज का संचालन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके निर्माण में नगर पालिका ने लगभग 2 लाख 90 हजार खर्च किया है। इस राशि से झूला, फिसलन पट्टी लगाया है जबकि वन विभाग ने 0.405 हेक्टेयर जगह में 10 लाख 45 हजार खर्च कर पौधे लगाने के साथ फेंसिंग और सामने महाराज गेट लगाया है। निर्माण में लगभग 14 लाख खर्च किया गया है जबकि मौके पर 6 से 7 लाख से अधिक खर्च होना नहीं दिखता है।

**चौकीदार के भरोसे**

कृष्णकुंज की देखरेख का जिम्मा ऐसे चौकीदार को सौंपा गया है जो वन विभाग में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी है। उसकी तनख्वाह का भुगतान वन विभाग द्वारा किया जा रहा है जबकि वन विभाग वहां पर एक कर्मचारी के नाम से हर माह लगभग 8 हजार 200 रूपए का भुगतान कर रहा है। मौके पर दयालू यादव को काम करते हुए पाया गया जबकि भागचंद नामक व्यक्ति को विभागीय तौर पर भुगतान किया जा रहा है।





# 22 को दीया जलाकर पर्व मनाने का आह्वान

- घर-घर जाकर दे रहे न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम लला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस कडी में बस्ती क्रमांक 1 के पंचमुखी हनुमान मंदिर में कलश पूजा के बाद घर-'घर जाकर पीला चावल, आमंत्रण पत्र व भगवान श्रीराम की फोटो के साथ घर घर जाकर आमंत्रण दिया गया। सभी से घरों में दीप जलाने और आंगन में रंगोली बना कर दिवाली मनाने कहा गया। इस मौके पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रकाश यादव, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश सिंह गढ़वाल, मुकेश सिंह राजपूत, नारदराम सिन्हा, राजेन्द्र सिंह राजपूत, अक्कू गुप्ता, संतोष देवांगन, धनीलाल द्विवेदी, हिरेन्द्र साहू, जगताप, प्रशांत दुबे, सरस्वती गढवाल, परमेश्वरी साहू, अमिता गोमास्ता, सुमन सिन्हा, भैयाराम कुंभकार, रवि दुबे, राजेश शर्मा, रमेश जगनायक, कमलेश पंडित, गोकुल जंघेल, कमलेश वर्मा, योगेश हरदहा, मनोज कुंभकार सहित अन्य शामिल हुए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर से अनेक हितग्राहियों का संवर रहा जीवन

## जिले के 8 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर से अनेक हितग्राहियों का जीवन सवर रहा है। कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देशित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा जिम्मेदारी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन होने से ग्रामीण हितग्राहियों को बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। शिविर में हितग्राहियों का उत्साह देखने को मिल रहा है। एक ही मंच पर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित होकर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। आज के शिविर में अधिकारीयों ने नागरिकगणों की जरूरत, समस्याओं, मांगो को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही किया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से योजना से मिले लाभ और उनके जीवन में आये बदलाव के संबंध में जानकारी दी। एलसीडी प्रोजेक्टर वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीति, योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी को प्रदर्शित किया गया। माटी कहे पुकार के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से धरती की सुरक्षा करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने की प्रस्तुति दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणजन के लिए कारगार साबित हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर, जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहकर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। मोहला अंतर्गत आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कंचना वाल्दे, मानपुर अंतर्गत आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहम्मद हनीश खान, अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत हितागुटा, व ग्राम पंचायत चिल्हाटी में सुबह 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत थुहाडबरी व ग्राम पंचायत ओटेबांधा में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत मदनवाड़ा में 9 बजे से एवं बसेली में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत पाटनवाड़वी में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत पाटनखास में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया।

# गौ रक्षकों ने बचाया कट्टीपार जा रहे मवेशियों की जान

## मवेशी तस्करी जारी, कार्रवाई से परहेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



क्षेत्र से मवेशी की तस्करी लगातार जारी है। इस कारोबार की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी है किन्तु रोकने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। शनिवार की रात को मवेशी तस्करी के एक और मामले का खुलासा हुआ है। शनिवार की रात मोहारा मार्ग में 30 से 40 गायों को बेरहमी से बांधकर पिकअप वाहन में भरकर महाराष्ट्र ले जाने की तैयारी थी। क्षेत्र के कुछ युवकों को जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और मौजूद लोगों को घेर लिया साथ ही थाना मोहारा और डोंगरगढ़ को मामले की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने के पहले ही आरोपी मवेशी को उतारने के बाद खाली गाडी सहित फरार हो गए। एक बुजुर्ग जो मजदूरी करता था वह भागने में सफल नही होने के कारण पकड़ में आ गया।

**कार्रवाई करने कहा**

टीआई भरत बरेठ ने बताया कि पकड़े गये आरोपी बुजुर्ग होने के साथ कांप रहा था। मैंने युवाओं को मोहारा थाने के सुपुर्द कर थाना प्रभारी से बातचीत कर मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने की बात कही थी। उसके बाद मामले जुडे किसी भी व्यक्ति ने संपर्क नही किया। फ्री होने पर मोहारा थाने से संपर्क कर इस मामले को कार्यवाही में लूंगा।

**टालते रही पुलिस**

इस घटनाक्रम के दौरान डोंगरगढ़ गौ रक्षक समिति के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए थे किन्तु एक घंटा बीतने के बाद भी पुलिस प्रशासन नहीं पहुंचा। मोहारा थाना से बताया गया कि स्टाफ की कमी होने के कारण वह नहीं आ सकते। डोंगरगढ़ पुलिस ने मोहारा थाना का मामला होने के कारण मामले को नजरअंदाज कर दिया। गौ-रक्षक समिति के लोगों ने पकडे गये बुजुर्ग को डोंगरगढ़ पुलिस के सुपुर्द किया है। पकडे गए हल्कू भारती ने गाय को कट्टीपार ले जाने की बात स्वीकार किया है। उसने मौके से फरार हुए व्यक्ति का नाम राजू भारती एवं मनोहर निवासी छपारा का होना बताया है। गायों को गौ-सेवकों ने चारागाह में छोड दिया है।

## खेल अनुशासन और खेल भावना से खेलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खुज्जी क्षेत्र के ग्राम घुपसाल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। आयोजन समिति एवं ग्रामीणों ने विधायक भोलाराम साहू का स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि खेल को अनुशासन और खेल भावना से खेलें। उन्होंने कहा कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अनेक टीम ने भाग लिया और अपने-अपने जौहर का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल को अनुशासन व खेल भावना से ही खेलना चाहिए। हार और जीत तो लगा रहता है। खेल जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। खेल से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है।

## शिवपुराण कथा का समापन आज

**घुमका।** पंचायत प्रांगण में राजपूत चंदेल परिवार के सौजन्य से श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सातवें दिन बेरला के कथाकार श्रीकांत जोशी नेत्रिपुर प्रसंग का वाचन किया। श्री जोशी ने कथा के माध्यम से जीवन उपयोगी बातें एवं जीवन जीने की कला पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में कर्म ही प्रधान है जो जैसा



कर्म करता है उसे वैसा ही फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य काम, क्रोध, लोभ से विरक्त होकर ही शांति एवं सुख की प्राप्ति कर सकता है। इस दौरान गणपति विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। कल सोमवार को रूद्राक्ष महिमा, हवन, महाप्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**कॉलेज में बालिका दिवस का आयोजन**

# कठिन परिस्थिति में झुके नहीं, आगे बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन में 4 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका शिक्षा दिवस मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई । रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रियांकी गजभिए ने स्वागत उद्बोधन में सावित्रीबाई फूले के प्रारंभिक जीवन एवं बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदानों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. मेश्राम ने बताया कि सावित्रीबाई फूले ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए पुणे में बालिका स्कूल की स्थापना किया था। देश की प्रथम अध्यापिका सावित्रीबाई ने बिना किसी उच्च शिक्षा के अनेक आलोचनाओं, तिरस्कारों को सहते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण का प्रयास किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवक- स्वयंसेविकाओं को ऐसे ही कठिन परिस्थितियों का सामना करने प्रेरित किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू ने बालिकाओं की शिक्षा का महत्व बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.

तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154

8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल

छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.

डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)

पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध

जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार

छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)

9406004581

7869048192

अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज

ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।

L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।

घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मुरमुंदा मंडई 12 को

**मुरमुंदा।** ग्राम में आगामी 12 जनवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक प्रयाग सांस्कृतिक संस्था राजिम का कार्यक्रम रखा गया है । यह जानकारी देते हुए ग्राम के राकेश यादव एवं दीपक सिन्हा ने आसपास के लोग से आने की अपील किया है।

### पुरोहितों ने संपन्न कराया विवाह संस्कार



**राजनांदगांव।** गायत्री शक्तिपीठ में 21 दिसंबर को पूज्य गुरूदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रतिष्ठापित एवं प्राण प्रतिष्ठित वेद माता गायत्री कुंडलिनी शक्ति व मां सावित्री का धूमधाम के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। जिसमें गायत्री परिजनों सहित बड़ी संख्या में हिंदू सनातन धर्मियों की उपस्थिति रही। इसी अवसर पर जीवन कालोनी में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जहां धूमधाम के साथ कालोनीवासियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा बड़ी संख्या में पांच कुंडीय महायज्ञ में आहुति प्रदान कर अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि व मां गायत्री से सबकी खुशहाली की दुआएं मांगी। गायत्री महायज्ञ के अंत में लोगों में महाप्रसादी का वितरण किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन व सूर्यकांत चितलांग्या ने बताया कि शक्तिपीठ के पुराहितों द्वारा न केवल लोगों के घरों में पुसंवन गर्भाधन मुंडन विधारंभ यज्ञोपवित आदि 16 संस्कार कराया जा रहा है। शहर सहित आसपास के गांव में जाकर लोगों के यहां वैवाहिक संस्कार भी करा रहे हैं। वहीं शक्तिपीठ में परिजनों के साथ आने पर वर-वधुओं का विवाह विधि-विधान के साथ कराया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ के पुरोहित सुखनंदन, ब्रहमानंद, नृपाराम, देवशरण, सुखमन अली, ओमप्रकाश आदि द्वारा गोंदिया (महाराष्ट्र) जाकर 23 दिसंबर को विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। इसी तरह 24 एवं 25 को गोंदिया के निकट ग्राम टेडवा में दीप यज्ञ व पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। उक्ताशय की जानकारी पुरोहित ओमप्रकाश ने दी।

## निधन

### रेखलाल साहू

**सुरगी।** ग्राम भोथीपारखुर्द नयापारा के रेखलाल साहू 34 वर्ष का निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ब्लाक ईकाई राजनांदगांव के अध्यक्ष और शा.प्रा. शाला भोथीपारकला के प्रधान पाठक गजाधर साहू के मंझले पुत्र थे। 7 जनवरी को भोथीपारखुर्द नयापारा के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणजन के साथ ही शिक्षक समुदाय और आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### स्व. पं. त्रियोगी नारायण स्मृति मार्निंग हॉकी ग्रुप 7-ए साईड हॉकी स्पर्धा

# हॉकी प्रतियोगिता में पैंथर ग्रुप ने मारी बाजी, यूथ क्लब उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के तत्वावधान में सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा आयोजित सीनियर मॉर्निंग ग्रुप 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज खेले गए फाइनल मैच में पैंथर क्लब ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। मैच के शुरूआत में मुख्य अतिथि समाजसेवी अंजुम अल्वी, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पवन डागा, समाजसेवी विकास तिवारी एवं छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह एवं फाइनल मैच में जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, उपाध्यक्ष भूषण साव, सीएसपी अलेक्जेंडर कीरो, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, आशा थॉमस, प्रकाश शर्मा,



अजय झा, नीलमचंद जैन, संजीव पटेल, छोटेलाल, राजू रंगारी, शिवा चौबे, अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया, अखिलेश मिश्रा, घनश्याम सिंह, भागवत यादव, मदन यादव, श्यामलाल यादव, चंदन भारद्वाज, महबूब खान, दिलीप रावत, विकास वैष्णव, सचिन खोब्रागढ़े, योगेश द्विवेदी, महेंद्र सिंह ठाकुर, गुणवंत पटेल, कौशल देवांगन, मोहम्मद जावेद, मनोज शर्मा, अरूण पांडेय, अखिलेश मिश्रा, घनश्याम सिंह आदि मौजूद थे।

### दो के मुकाबले 4 गोल से किया पराजित

आज खेले गए रोमांचक मैच में पैंथर क्लब ने यूथ क्लब को 2 के मुकाबले 4 गोल से पराजित करते विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। यूथ क्लब की ओर से ज्ञानचंद जैन एवं अब्दुल कादिर कुरैशी ने गोल किया। वहीं पैंथर क्लब से गुणवंत पटेल, पीयूष वर्मा, मेहमूद खान एवं राहुल यादव ने किया। विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलड़ियों को आकर्षक ट्रॉफी प्रदान किया गया एवं प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर शोभिता को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच में किशोर धीवर, रवि राव, अभिनव मिश्रा एवं अनीश रजा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# आदिवासियों की संस्कृति समाज की आत्मा, धरोहर एवं मेरूदंड है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गोंडवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति आदिवासी समाज की आत्मा, धरोहर एवं मेरूदंड है। उन्होंने कहा कि यदि आदिवासी समाज को बचाए रखना है तो आदिवासियों की गौरवशाली संस्कृति एवं विरासत को अक्षुण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। श्री ठाकुर 30 दिसंबर को बालोद जिले के ग्राम बगईकोन्हा में कोया पूनेम संवैधानिक कार्यशाला एवं कैरियर मागदर्शन के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गोंडवाना महासभा के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रमुख प्रशिक्षक तुकाराम कोर्राम, ब्लॉक संरक्षक बिशनाथ सिंह गोटा, कार्यकारी अध्यक्ष भावसिंह वट्टी, बगईकोन्हा सरपंच तिलकराम नेताम, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार कोरेटी, महासचिव महाराम सोरी, खाद्य निरीक्षक धरमु किरंगे, व्याख्यता टीएस मंडावी सहित अन्य लोग शामिल थे।

कार्यक्रम में श्री ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति अत्यंत वैभवशाली एवं विश्व की समस्त संस्कृतियों की जननी है। जिनका उल्लेख देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने अपने विश्व विख्यात पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में की है। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के शिक्षा, संगठन एवं ज्ञानार्जन को अत्यंत आवश्यक बताया। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों को ठोस रणनीति बनाकर उसे अमल में लाने की अपील की।

श्री ठाकुर ने नशापान को समाज के विकास में सबसे बड़ा बाधा बताते इससे सर्वथा दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक एवं मुख्य प्रशिक्षक तुकाराम कोर्राम ने संस्कृति को समाज का रीढ़ बताते नई पीढ़ी को इसके संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने युवाओं को समाज का भावी भविष्य बताते ज्ञानवान एवं सामर्थवान समाज के हित में योगदान देने को कहा।

# अजाक्स ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष बने राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला छुरिया में 30 दिसंबर को संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक राजेन्द्र लाड़ेकर को अजाक्स की ब्लॉक छुरिया इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्राचार्य सदाशिव सलामे को सचिव तथा व्याख्याता कन्हैयाराम टेमरे को उपाध्यक्ष बनाया गया। उक्त मनोनयन जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे ने किया।

अजाक्स छुरिया ब्लॉक इकाई के पूर्व अध्यक्ष लालसिंग ऊइके ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें कार्य दायित्व सौंपा। जिलाध्यक्ष ने पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालसिंग ऊइके को संरक्षक मनोनीत किया। बैठक में जिला पदाधिकारियों में राजकुमार नागदेवे, दिनेश सुधाकर, भूषण भुआर्य, ठाकुरराम चंद्रवंशी, प्रसाद सुखदेवे,



प्रदीप रामटेके, तिलकराम खांडे, ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के पदाधिकारी अमिताभ दुपारे, मनीष बडोले, मुकेश कांडे, पेंशनर्स एसोसिएशन से सेवानिवृत्ति शिवप्रसाद टेमरे, केआर साहू और धीरजराम टेकाम उपस्थित हुए। बैठक का संचालन गांधी टांडिया तथा आभार प्रशांत सुखदेवे ने व्यक्त किया। जिला पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में अजाक्स संघ को मजबूत कर समाज की विषमता को दूर करने व संघर्ष करने का आह्वान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र लाड़ेकर ने बताया कि जल्द ही अजाक्स छुरिया ब्लॉक इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी इंजी. प्रदीप रामटेके ने दी।

# कमला कॉलेज में किताब का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के मनोविज्ञान विभाग में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत संचालित अनुसंधान केन्द्र में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर के मार्गदर्शन में अनुसंधान कर रही दो शोधकर्ताओं अर्चना पांडेय एवं अनुपमा उमरे द्वारा प्रकाशित पुस्तक नेविगेटिंग डिप्रेशन विथ रेसिलेंस एंड होप का विमोचन प्राचार्य एवं शोध केंद्र समिति के अध्यक्ष डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने दोनों शोधकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रदान करते कहा कि महाविद्यालय एवं



मनोविज्ञान विभाग के लिए यह गौरव का विषय है। महाविद्यालय के अन्य शोधकर्ताओं को भी शोध पत्र एवं किताब प्रकाशित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने बताया कि इस पुस्तक में वर्णित विचार एवं उपाय न केवल मनोविज्ञान के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए, बल्कि सामान्य लोगों के लिए भी उपयोगी है। पुस्तक उन साथियों के लिए भी सहायक होगी, जो अवसाद या डिप्रेशन का सामना कर रहे हैं एवं इससे मुक्त होना चाहते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, संजय मिश्रा उपस्थित रहे।

# शिविर का राज्य स्तरीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन और पाठक मंच द्वारा चार दिवसीय युवा रचना शिविर का राज्य स्तरीय आयोजन हुआ। शिविर में 27 युवा रचना शिविरार्थियों के साथ मुख्य अतिथि डॉ.सियाराम शर्मा और श्रोत व्यक्ति के रूप में रवि श्रीवास्तव, डॉ.जीवन यदु, डॉ.सियाराम शर्मा और डॉ.राकेश तिवारी, विनोद साव, पीसी रथ, संतोष झांझी, माझी अनंत, संकल्प पहटिया और देवमाइत मिंज उपस्थित थे। शिविर का शुभारंभ करते हुए छग हिंदी साहित्य सम्मेलन अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि आयोजन हिन्दी साहित्य सम्मेलन के रचना शिविर की परंपरा का एक पड़ाव है। डॉ.राकेश तिवारी ने स्वागत भाषण में कहा कि एक उम्र में सभी रचनाकार होते हैं। उनके रचनाकर्म दिशा मिल सके यही प्रयास सदा हिन्दी साहित्य सम्मेलन का रहा है। डॉ.जीवन यदु ने कहा कि रचना शिविर में भाग लेने वाले चार लोग भी रचनाकर्म-रचनाधर्म पहचान पाए तो यह शिविर की उपलब्धि होगी। मुख्य अतिथि डॉ.सियाराम शर्मा ने कहा कि रचना शिविर का ध्येय रचना धर्मिता को सामने लाना है। सत्र संचालन डॉ.प्रशांत झा ने किया।

### कवियों की रचनाओं का हुआ पाठ

दूसरे दिन सत्र की शुरुआत प्रसिद्ध कवियों के कविता पाठ और उस पर टिप्पणी के साथ हुई। अज्ञेय की कविता यह दीप अकेला, राजेश जोशी की कविता यह धर्म के विरुद्ध है, केदारनाथ सिंह की कविता टमाटर बेचने वाली बुढ़िया के पाठ बाद कविताओं पर टिप्पणी करते हुए डॉ.सियाराम शर्मा ने कहा कि अज्ञेय की कविता व्यक्तिवादी कविता है, जिस पर छायावाद की छाप है। राजेश जोशी की कविता जो समाज से जुड़ती है और धर्म किस तरह मनुष्य के विरुद्ध हो रहा है इस तरफ सचेत करती है। केदारनाथ सिंह की कविता भूमंडलीकरण के दौर में उत्पादन का उपभोक्ता और उत्पादक से संबंध को विस्तारित करती है। कार्यक्रम संचालन और प्रारंभिक टिप्पणी करते हुए विनयशरण सिंह ने कहा कि यहां पढ़े जाने वाली कविता के बदलाव के इतिहास को हम देख सकते है। सत्र के दूसरे दौर मे रजत कृष्ण की कविता अंबानी के सपनों में पल रहे इस देश मे, जीवन यदु की कविता दरवाजे पर खड़ा महाजन, उर्मिला शुक्ला की कविता देवारिन के घर, समयलाल विवेक की कविता शोकातुर लोग, विजय गुप्त की कविता दीप जलाना, भगत सिंह सोनी की कविता वृक्ष काटना, संतोष झांझी की कविता मैं सुकून से हूं के वाचन बाद टिप्पणी करते हुए डॉ.संतोष झांझी ने कहा कि ये कविताएं अपनी समय और समाज का आईना है। डॉ.जीवन यदु ने कहा कि कविताओं के पाठ से एक बात स्पष्ट है कि कविता में लय कितना महत्वपूर्ण है। कविताएं छंदों में नहीं है, इसका मतलब यह नहीं कि वह छंद विहीन है, वह मुक्त छंद में है, कोई भी कविता छंद के बिना लिखी ही नहीं जाती है।

### झलमला हिंदी साहित्य की पहली मौलिक कहानी

कहानी पाठ के तृतीय सत्र मे प्रारंभिक टिप्पणी करते हुए डॉ. यदु ने कहा कि हिंदी की प्रथम कहानी को लेकर विवाद था कि माधवराव सप्रे की एक टोकरी पर मिट्टी है या पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की कहानी झलमला को माने। बाद के शोध में पता चला कि एक टोकरी भर मिट्टी लोक कहानी पर आधारित है जबकि झलमला मौलिक कहानी है।

# टोलागांव में रात्रिकालीन कबड्डी का शुभारंभ

## शहर की अपेक्षा गांव में कबड्डी ज्यादा लोकप्रिय : घम्मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम टोलागांव में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच मनोज साहू और मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, जिला मंत्री ज्ञानदास बंजारे, जिला संयोजक बालमुकुंद वर्मा, उपसरंपच विष्णुदास साहू और मंडल उपाध्यक्ष नारायण साहू के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना बाद गॉव की ही दो टीमों के बीच शो मैच से हुआ। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय खेल के रूप में कबड्डी शहर की अपेक्षा गांव में ज्यादा लोकप्रिय है।

ग्रामीण क्षेत्र के युवा इस प्रकार स्पर्धा का आयोजन कर देश प्रदेश को कबड्डी का शानदार खिलाड़ी उपलब्ध कराने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इस दौरान दुलेश्वर साहू, बीरबल सालू, बृजेश साहू, युगल कुमार, गंगाधर धुर्वे, विजय धुर्वे, अल्पेश मरकाम, डोमार साहू, कुलेश्वर मानिकपुरी, धनेश साहू, चमन साहू सहित आयोजक प्रगति क्लब समिति के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी ग्रामवासी उपस्थित थे।



### गोला फेंक कर किया घम्मन ने क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

ब्लाक के बैहाटोला, अमलीडीहकला, विक्रमपुर, देवरी और कुर्रूभाठ संकुल के उपजोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना पश्चात ध्वाजारोहण के साथ गोला फेंक कर विधिवत शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री साहू ने बच्चों को खेल भावना से खेल खेलते हुए अपने संकुल को विजय दिलाकर जोन और तहसील स्तर की स्पर्धा में शामिल होने प्रयास करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री गोरेलाल वर्मा, उमेंद्र उइके, मानिक टंडन, घनश्याम वर्मा, समयलाल ध्रुर्वे, रामेश्वर वर्मा, किशोर शर्मा, दिलीप कुमार साहू, चंद्रशेखर गुनी, मंगलराम ध्रुर्वे, भगवती प्रसाद सिन्हा, नरेश कुमार वर्मा, नंदकिशोर सिमकर, भुवनलाल सेन, रामकुमार वर्मा, नरोत्तम वर्मा, लोकनाथ देवांगन, नेतू वर्मा, अरूणा राजपुत, हेमलता चंदेल, इंद्रकुमार वर्मा, हंसू निषाद, ईतवारी वर्मा, लखनू निषाद, रघुनाथ नेताम, रामकुमार वर्मा, नारायण उइके, भरत वर्मा सहित बड़ी संख्या में बच्चों को प्रोत्साहित करने ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रैली के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

# रासेयो शिविर ने नशा मुक्ति रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज के रासेयो स्वयं सेवको ने नशा मुक्ति रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

कटंगीखुर्द में आयोजित सात दिवसीय विषेष शिविर में छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव के नेतृत्व में रैली के माध्यम से शिविर के थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश, छोड़ों नशा और शराब न करो जीवन खराब नारे और स्लोगन साथ गांव की गलियों का भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया। छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का




भविष्य है। नशे से होने वाले स्वास्थ्यगत परेशानियो की जानकारी देते हुए युवाओं सहित ग्रामीणों को इससे दूर रहने कहा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल, डॉ. उमेंद चन्देल, दलनायक टिकेंद्र वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, गिरवर साहू, एमन साहू, श्रुति अग्रवाल, लीना वर्मा, गौरी यदु, सीमा वर्मा सहित शिविरार्थी स्वयंसेवक व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### बौद्धिक चर्चा में शामिल हुए जीवन यदुराही

शिविर में बौद्धिक परिचर्चा सत्र में ख्याति प्राप्त कवि व लेखक डॉ.जीवन यदु ने कहा कि मेरा जन्म गुलाम भारत में हुआ था। आजादी के पूर्व और बाद में देश में बहुत परिवर्तन हुआ है। इस परिवर्तन को उन्होंने आजादी के बाद बबा के मेहनत मिलगे मट्टी म शीर्षक वाली लोकप्रिय रचना के माध्यम से प्रस्तुत किया। परिचर्चा में पाठक मंच के संयोजक डॉ.प्रशांत झा ने कहा कि समाज के लोगों को साहित्य पढ़ना ही चाहिए, साहित्य लोगों में गहरी समझ पैदा करता है और लोगों को जागृत करता है। युवा कवि संकल्प यदु ने कहा कि साहित्य हमारे समय और समाज से ही उपजता है। लोगों को वर्तमान साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ना चाहिए। आप बुड्ढे होने लगते हैं कविता का वाचन कर उन्होंने संवेदनहीन और आत्मकेंद्रित होते जा रहे व्यक्तियों को समाज से जुड़ने प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी प्रो.यशपाल जंघेल ने बौद्धिक चर्चा में पहली बार साहित्यकारों के आगमन को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि साहित्य हमें तोड़ना नहीं जोड़ना सीखाता है। जिसकी आज समाज को आवश्यकता है। परिचर्चा का संचालन छात्र गिरवर साहू और एमनलाल साहू ने किया। इस दौरान रामचंद पटेल, समारू पटेल, जयराम वर्मा, पटवारी पटेल, सुनील ग्राम पटेल, बीरबल पटेल, होरीलाल पटेल के अलावा शिविर में शामिल स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# बैंक सलाहकार समिति की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला सलाहकार समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में हुई जहां उन्होंने बैंकर्स को जनमन और विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े बैंकिग कार्यो को शीघ्रता से करने कहा।

कलेक्टर ने सभी बैंकों को विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करने और उनके परिवारों का त्वरित गति से विकास सुनिश्चित करने प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत तत्काल खाता खोलने कहा वही विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई सहित केसीसी, पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा जैसे ऋण योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर बैठक मे मौजूद बैंकर्स को अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभांवित करने कहा। कलेक्टर ने सभी बैंकों को दो दिन के भीतर शाखा मे केसीसी अंतर्गत कृषको को वितरित ऋण की ग्रामवार जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने कहा। संकल्प यात्रा अंतर्गत बैंकिग कार्यों की रिपोर्टिंग दैनिक आधार पर सही रूप से करने कड़ा निर्देश दिया ताकि जिले की स्थिति इस पैरामीटर मे मजबूत दिख सके।

### अनावश्यक कारणों से प्रकरण वापस न करें

बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी बैंकों के निष्पादित वार्षिक साख योजना के अनुसार किए लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा कर बैंकर्स को ऋण जमा अनुपात 60 प्रतिशत किए जाने निर्देशित किया गया। आम नागरिकों के ऋण प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत करने और अनावश्यक कारणों से प्रकरण वापस न करने कहा। मछलीपालन, पशुपालन और उद्यानिकी अंतर्गत केसीसी ऋण और शासकीय प्रायोजित योजनाए व अंतव्यवसायी अंतर्गत ऋण प्रकरणो को जल्द स्वीकृत करने कहा। स्व सहायता समूह के खातो को तत्काल खोलने, क्रेडिट लिंकेज, कृषको, छात्रों एवं सभी सरकारी लाभार्थियों के खातों को सरकारी विभाग के समन्वय से तत्काल सिडिंग करने के साथ साथ उन्होने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना अंतर्गत पंजीयन करने कहा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सुनीलकांत पांडेय, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, आरबीआई रायपुर से एलडीओ सदानंद बासके, नाबार्ड से नीलकंठ नंदनवार सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और समस्त समन्वयक बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### उप मुख्यमंत्री साव ने किया कृषि पत्रिका का विमोचन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में रोपण मासिक कृषि पत्रिका के कृषि अभियांत्रिकी विशेषांक का विमोचन किया।



उन्होंने किसानों के हित में प्रकाशित इस कृषि अभियांत्रिकी विशेषांक के प्रकाशन हेतु संपादक अमित नामदेव एवं सह संपादक गौरव कुमार समेत सभी सहयोगियों को बधाई दी। इस अवसर पर संपादक अमित नामदेव ने बताया कि रोपण कृषि पत्रिका का प्रकाशन निरंतर विगत चार वर्षों से छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव से किसानों के हित में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि रोपण कृषि पत्रिका द्वारा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं ग्रामीण विकास आधारित जानकारी एवं शासकीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। संपादक द्वारा समस्त रोपण पत्रिका परिवार की ओर से उप मुख्यमंत्री को मंत्रालय में पदभार ग्रहण करने हेतु एवं नववर्ष की शुभकामना प्रेषित किया।

### कबड्डी महिला टीम ने जीता टूर्नामेंट

**राजनांदगांव।** जिला कबड्डी संघ की महिला टीम ने साल 2023 में अपना आखिरी अखिल भारतीय टूर्नामेंट जीत लिया।



उक्त टूर्नामेंट गोंदिया जिले के भजेपार गांव में हुआ। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष दर्जनों टूर्नामेंट में इस टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, लेकिन गोंदिया जिले के टूर्नामेंट में नागपुर, विदर्भ रीवा, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश को हराकर राजनांदगांव जिले की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया और महाराष्ट्र मुंबई की टीम से उसका फाइनल मैच हुआ। मुंबई की टीम को कड़े संघर्ष में राजनांदगांव की महिला टीम ने चार अंक से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51000 के साथ मैन ऑफ द सीरीज पूनम चंद्रवंशी एवं बेस्ट कैचर सुमन उर्वासा को एलईडी टीवी एवं स्पोर्ट्स साइकिल समेत नगद राशि का इनाम प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी, कोच ललित साहू, लखन कमरे, पुरोहित पटौदी, जिला कबड्डी संघ के सचिव तुलसी मांडवी, महेश साहू, सचिन तीर्थ गोस्वामी ने खिलाड़ियों और कोच को शुभकामनाएं दी।

### उदयाचल हृदय रक्षक किट को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**राजनांदगांव।** स्व. रामलाल, श्रीमती सीताबाई, प्रकाश पारख की स्मृति में प्रायोजित उदयाचल हृदय रक्षक किट को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अब तक लगभग 10000 किट वितरित हुए हैं और लोगों की मांग के अनुसार पूर्ति करने की कोशिश जारी है। चिकित्सालय प्रभारी पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने बताया कि इस किट की बालोद, धमतरी, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, गुंडरदेही, डोंगरगढ़, डोंगरगांव और मप्र राजस्थान आदि जगहों से भारी मांग है। उदयाचल के अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना ने जानकारी दी कि राजनांदगांव में एक दवाई खत्म हो गई, जिसे रायपुर से मंगवाया गया, ताकि पूर्ति समयानुसार हो सके। हमारी योजना है कि नजदीक के शहरों में एक-एक सेंटर में किट उपलब्ध कराएंगे, ताकि वहां के लोग भी लाभ ले सकें। नगर के कई समाज संघों ने अपने-अपने समाज के लोगों को किट वितरण के संबंध में संपर्क किया है। सर्वप्रथम सिख समाज के लिए गुरूद्वारा में व्यवस्था रखी गई है। अशोक मोदी के अनुसार किट व्यवस्था के संबंध में इसे बनाने के पहले हृदय विशेषज्ञों से पूरी राय ली गई। कौन-कौन सी दवाई कितनी ली जाएगी, अंदर दवाईयां कब और कैसे लेना है, पूरी जानकारी एक पर्ची में डाली गई। किट की मांग के अनुसार लग रहा है कि लोग कोरोना के पश्चात स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। शहर के गणमान्य नागरिक व डॉक्टरों ने उदयाचल के इस हृदय रक्षक अभियान की प्रशंसा की है। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी गौतम बाफना ने दी।

### पूर्व सांसद ने रसोईयों को लंबित राशि दिलाने की पहल

**राजनांदगांव।** जिले के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में



बच्चों के लिए भोजन बनाने वाले महिला समूह एवं रसोईया कर्मचारियों को विगत पांच माह का आबंटन राशि एवं मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। अपनी समस्या के समाधान के लिए जिले के इन रसोईयाकर्मी एवं महिला समूह के सदस्यों ने मोना गोसाई के नेतृत्व में अपनी समस्या के निराकरण के लिए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से भेंट किया। इस दौरान कुमारी महोबिया, रुक्मणी यादव, कमलाबाई गजभिये, कुमारीबाई, बरखाबाई, कुमारी देवांगन, लता महोबिया एवं अन्य उपस्थित रही। उन्होंने पूर्व सांसद श्री यादव को अपनी समस्या से अवगत कराते कहा कि फंड एवं मानदेय 5 माह से अप्राप्त है। जिससे मध्यान्ह भोजन चलाना मुश्किल हो रहा है और कई गांव में मध्यान्ह भोजन बंद हो गया है, जिस कारण उन्हें आंदोलन प्रारंभ करने बाध्य होना पड़ रहा है। रसोईया कर्मचारियों की समस्या के तुरंत निराकरण हेतु पूर्व सांसद मधुसूदन ने जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव से दूरभाष पर चर्चा कर इस समस्या से अवगत कराते तत्काल रसोइयों को लंबित राशि एवं मानदेय दिलाने आवश्यक पहल की। उन्होंने विभागीय अधिकारी से हुई चर्चा अनुसार 10 जनवरी तक लंबित राशि एवं मानदेय का बैंक खाता के माध्यम से भुगतान का आश्वासन दिया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में नियोजित इन महिला समूहों एवं रसोईया कर्मचारियों ने पूर्व सांसद मधुसूदन के आश्वासन से राहत की सांस लेते कृतज्ञता प्रकट की है।

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में मोहारा का रहा दबदबा

**राजनांदगांव।** संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बसंतपुर संकुल सदर



बाजार के अंतर्गत चार प्राथमिक शाला प्राथमिक शाला बसंतपुर, कौरिनभाटा, सदर बाजार तथा प्राथमिक शाला मोहारा शामिल हुए। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा के बच्चों द्वारा प्राथमिक विभाग में शानदार प्रदर्शन किया गया। प्राथमिक विभाग बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ गुमान कक्षा 4थी प्रथम, आलू दौड़ प्रिंस कक्षा 5वीं प्रथम, बोरा दौड़ गोपी देवांगन पांचवी प्रथम, लंबीकूद एवं सुरीली कुर्सी दोनों मे मोरध्वज प्रजापति पांचवी द्वितीय, सामूहिक खेल बालक वर्ग खो-खो व कबड्डी दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह प्राथमिक विभाग बालिका वर्ग में 100 मीटर, रस्सी छलांग, लंबीकूद तीनों में प्रतिभा पड़ौती 5वीं प्रथम, सुरीली कुर्सी में लालिमा देवांगन 5वीं प्रथम, गोली चम्मच में चांदनी यादव 5वीं प्रथम, सामूहिक खेल बालिका खो-खो प्रथम, बालिका कबड्डी में प्रथम स्थान किया। जिसमें प्राथमिक शाला मोहारा के शिक्षकों की भी शानदार भूमिका रही। पूरे टूर्नामेंट में मोहारा स्कूल का दबदबा आल ओवर चैम्पियन रहा। क्रीड़ा प्रभारी लोकेश्वर सिंह साहू, हरिराम साहू प्रधान पाठक मोहारा, भानुप्रताप साहू, ठनेशवरी साहू, डिगेश्वरी साहू, संकुल समन्वयक सुनील साहू पूरे शिक्षकों का सक्रिय भूमिका रही। वार्ड पार्षद सरिता अवधेश प्रजापति, एसएमसी अध्यक्ष धनेश सोनकर, पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति, रामुलाल प्रजापति, दिलीप सोनकर, सोमेश मानिकपुरी, कलिंद्री सोनकर, कुसुम देवांगन, सविता यादव आदि ने जीत पर बधाई दी एवं जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## समापन समारोह में शामिल हुए स्कूल शिक्षा मंत्री

# खेल में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना और खेलना : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आज स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित स्टेट हाईस्कूल के खेल मैदान में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए।



स्कूल शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला एवं साहित्य की एक विशेष पहचान है। वहीं राजनांदगांव जिला हॉकी की नर्सरी है तथा यहां मां बम्लेश्वरी का प्रसिद्ध मंदिर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को फिर से खेलने के लिए प्रेरित किया है। बच्चे खेलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और अच्छा पढेंगे तथा देश की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान अनुशासन सिखाता है और खेलने वाले खिलाड़ी देश, प्रदेश, जिले एवं शहर के एम्बेसडर बन सकते हैं। प्रतियोगिता में देशभर की लगभग 30 टीमों ने यहां भाग लिया है। सभी अपने प्रदेश में जाकर छत्तीसगढ़ की विशेषताओं एवं यहां की यादें साथ लेकर जा रहे हैं। किसी भी प्रतियोगिता में हार-जीत खेल का एक हिस्सा है, जो खेलेगा वही हारेगा।

सांसद संतोष पाण्डे ने कहा कि देशभर से आए खिलाड़ियों के साथ शानदार प्रतियोगिता संपन्न हुई है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने एक साथ मिलकर रहना तथा कदम से कदम मिलाकर चलना सीखा। उन्होंने कहा कि खेल की भावना को केवल खेल के मैदान में ही नहीं, अपने जीवन में भी अपनाएं, जब हम कदम से कदम मिलाकर चलते हैं और एक साथ रहते हैं तो ताकत झलकती है।

### कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव कला, साहित्य एवं संस्कृति की नगरी है। साहित्य की तीन महान विभूति गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी एवं डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की यह कर्मभूमि रही है। चार दिन में बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। बॉस्केटबॉल बालक 14 वर्ष एवं बालिका 17 वर्ष के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देश के विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं की 30 टीमों के लगभग 684 प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया तथा 150 स्टॉफ से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रतिभागियों ने मार्चपास्ट किया। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। अतिथियों द्वारा विजेता, उपविजेता सहित सभी प्रतिभागी, कोच, मैनेजर एवं अन्य सहयोगियों को पुरस्कृत किया गया।

## विद्यार्थियों को मिला गोविंद कृष्णदास का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीकर कथावाचक, भागवताचार्य, प्रभु गोविंद कृष्णदास का मार्गदर्शन मिला, जो जिले की शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित थे। इसमें नीरज स्कूल के फाउंडर नीरज बाजपेयी, प्राचार्य भारत गौते, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहने की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।

ज्ञात हो कि यह आयोजन गोविंद कृष्णदास द्वारा बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं में आने वाली बाधाओं को दूर करने एवं बेहतर तैयारी के लिए की गई थी।

उन्होंने विद्यार्थियों को मनचाही सफलता के लिए अनेक सुझाव दिए। विद्यार्थियों ने आरंभ से लेकर अंत तक इसका लाभ उठाया और बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में सकारात्मक दिशा कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य वत्सला अय्यर द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते बेहतर परिणाम हेतु कई सुझाव दिए गए। बच्चों ने प्रसन्नता व्यक्त करते सभी का आभार व्यक्त किया।

## छात्रों को नैतिक मूल्यों का करना चाहिए पालन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए बिदाई समारोह का आयोजन संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव की उपस्थिति में हुआ।



इस अवसर पर निदेशक सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने माता-पिता की बात जरूर माननी चाहिए। उन्हें जीवन में आने वाले छोटे आकर्षणों से बचकर अपना भला-बुरा खुद समझने का प्रयास करना चाहिए। चेयरमैन विनोद सदानी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय बहुमूल्य होता है। उन्हें समय का महत्त्व समझते परीक्षा की तैयारी में कमर कसकर संलग्न हो जाना चाहिए।

समारोह की शुरूआत प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल के भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अमूल्य होता है। विद्यार्थी अपने टाइम मैनेजमेंट द्वारा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आज 12वीं के विद्यार्थियों के लिए रैंप वाक भी आयोजित किया गया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम प्रियेश राय तथा बालिका वर्ग में खनक बैद रही। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने खूबसूरत डांस व गीतों से इस आयोजन को यादगार बना दिया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को सुंदर काव्यमय टाइटल प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें छात्रा वर्ग में बेस्ट अटायर राशि राय तथा छात्र वर्ग में तेजराज सिंग भाटिया रहे। अतिथियों ने 12वीं के विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदानकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन अर्पण शमुअल मसीह व शुभम पांडे के मार्गदर्शन में कक्षा 11वीं की प्रांजल भार्गव, वेन्या असाटी, मारिया खत्री, मृणालिनी दड़सेना, अपर्णा मेहर, सृष्टि वर्मा, हर्ष तिवारी, सिद्धार्थ महापात्रा, शिवान्श सृजन शुक्ला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी भावा रानी रमेश, हिमांशु चौधरी तथा विद्यार्थियों की ओर प्रांजल भार्गव ने किया।

## नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने नक्सली सहयोगी के आरोप में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मदनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 सितंबर 2023 को माओवादी नक्सलियों द्वारा 21 से 27 सितंबर 23 तक 19वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बैनर-पोस्टर थाना मदनवाड़ा अंतर्गत ग्राम रेतेगांव-कारेकट्टा के बीच सड़क पर फेंका गया था। आरोपियों का यह कृत्य छग विशेष जनसुरक्षा अधिनियम की धारा- 8(3) के तहत अपराध पाए जाने से थाना मदनवाड़ा में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार विवेचना दौरान आरोपी रामलाल नुरेटी पिता बजनुराम नुरेटी का व्यवहार एवं गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर आरोपी की हर हरकत पर पैनी निगाह रखी जा रही थी। तकनीकी जांच और संदेह पुख्ता होने के बाद आरोपी को 6 जनवरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिस पर आरोपी द्वारा पुलिस को चकमा देने का भरसक प्रयास किया, किन्तु पुलिस के सवालों के जाल में फंसने पर घटना दिनांक को नक्सली बैनर-पोस्टर फेंकने का अपराध स्वीकार किया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस द्वारा आरोपी रामलाल नुरेटी पिता बजनुराम नुरेटी 25 साल पता ग्राम महका थाना सीतागांव को 6 जनवरी को थाना मदनवाड़ा में दर्ज अपराध छग विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2005 की धारा 8(3) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत हेतु माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबागढ़ चौकी के समक्ष पेश किया गया।जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर रामलाल नुरेटी को न्यायिक हिरासत में राजनांदगांव जेल भेजा गया। उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक ईश्वर ध्रुव थाना प्रभारी सीतागांव, सउनि रूपेंद्र साहू, नक्सल सेल, सायबर सेल व थाना मदनवाड़ा, मानपुर, सीतागांव स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## गलत नीतियों की वजह से गहराया आर्थिक संकट

- कांग्रेस सरकार ने किया घोटाला, सोसाइटियां संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



किसान नेता अशोक चौधरी ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार ने सहकारी समितियों में इतना घोटाला किया कि प्रदेश की सभी सोसाइटियां आर्थिक संकट में आ गया है। पूर्व में अजीत जोगी की सरकार की नीतियां भी सहकारी समितियों के खिलाफ था।

डॉ. रमन सिंह की सरकार में समितियों की आर्थिक स्थिति अच्छी हुई थी। धान खरीदी में जो टैक्स समितियों का बनता था, उसे सही समय पर समिति के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाता था। जिससे सोसाइटियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से आत्मनिर्भर हो गया था, लेकिन पूर्व की कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल की गलत नीतियों से सभी सोसाइटियों की हालत फिर से नाजुक हो गई है, इनकी गलत नीतियां धान की सूखत की वसूली सोसाइटियों से करने पर उनके हिस्से का टैक्स से कटौती कर ली जाती थी। जिसके कारण आज की हालत में समिति के कर्मचारी पिछले तीन-चार महीने से तनख्वाह के लाले पड़ गए हैं।

ज्ञात हो कि पूर्व में डॉ. रमन सिंह सरकार समस्त सोसाइटियों को बोरा सुतली और अन्य प्रारंभिक कार्य के लिए समितियों को ही अधिकृत कर दिया था। जिससे सोसाइटियों का कार्य निर्वाध गति से चल रहा था, लेकिन भूपेश सरकार में सुतली जैसी मामूली चीज भी शासन द्वारा खरीदकर भिजवाने की व्यवस्था की गई। जिसके कारण कई सोसाइटियों में धान खरीदी के बाद बोरा की सिलाई नहीं हो पाती है। आज की सोसाइटियों की हालत गंभीर है। इससे पुनः मजबूत करने पूर्व में किए गए कार्यों को विष्णुदेव साय को अपनाना पड़ेगा, यही समय की मांग है।

## पुलिस कप्तान ने जिले के नक्सल प्रभावित थाना, चौकी व बेस केम्प का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के पुलिस कप्तान मोहित गर्ग ने बाइक से जिले के घोर नक्सल प्रभावित जोइन्ट कैम्प मुरकुटडोह थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया का भ्रमण किया। वे घने जंगली रास्तों से होते हुए बेस कैम्प मुरकुटडोह से ग्राम कटेमा और फिर पुलिस चौकी मोहारा पहुंचे एवं कर्मचारियों का हौसला अफजाई किया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा थाना बागनदी के नक्सल प्रभावित ग्राम सीतागोटा से थाना बोरतलाव होते हुए घोर नक्सल प्रभावित ज्वाइंट कैम्प मुरकुटडोह थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया पहुंचे, जहां ज्वाइन्ट ऑपरेशन हेतु तैनात जिला राजनांदगांव, जिला एमएमसी (छत्तीसगढ़), जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) एवं हॉक फोर्स जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) के अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर उनका हौसला अफजाई किया। साथ ही उनका हालजाना और समस्या पूछी। इस दौरान उनके द्वारा कैम्प मुरकुटडोह पुलिस कैम्प भवन, मोर्चा, मेस और शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया। वहां उपस्थित अधिकारियों से एंटी नक्सल ऑपरेशन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

### नक्सल विरोधी अभियान करें तेज

मुरकुटडोह से मोटर साइकिल पार्टी तैयार कर घने जंगली रास्तों से घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम कटेमा गए और वहां उपस्थित आईटीबीपी एवं जिला बल के अधिकारी-कर्मचारियों से नक्सल गतिविधियों एवं नक्सल विरोधी अभियान के संबंध में चर्चा की गई। उसके बाद मोटर साइकिल से भ्रमण करते पुलिस चौकी मोहारा पहुंचे, जहां पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई जवानों की वेशभूषा को देखे, शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। पुलिस चौकी में आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दी और जवानों को सरहदी थानों से समन्वय स्थापित कर नक्सल ऑपरेशन को तेज करने कहा गया।

त्पश्चात पुलिस अधीक्षक थाना डोंगरगढ़ होते हुए वापस राजनांदगांव मुख्यालय पहुंचे। इस भ्रमण के दौरान उनके साथ एसडीओपी आमगांव, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, डीएसपी ऑप्स अजीत ओगरे, डीआरजी का बल एवं थाना प्रभारी बोरतलाव, प्रभारी ज्वाइंट कैम्प मुरकुटडोह, प्रभारी ओपी मोहारा उपस्थित थे।

## छग के नाम रहा राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का खिताब

- बालक वर्ग में दिल्ली को और बालिका वर्ग में हरियाणा को हराकर बनी विजेता



**राजनांदगांव।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम ने बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग में दिल्ली को फाइनल मुकाबले में और बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में भी मेजबान ने रोमांचक फाइनल मैच में हरियाणा को पराजित करते की चैम्पियनशिप के साथ ही स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया है। बालक वर्ग में तीसरे स्थान पर सीबीएसईडब्ल्यूएसओ एवं चौथे स्थान पर राजस्थान एवं बालिका वर्ग में तीसरे स्थान पर सीबीएसईडब्ल्यूएसओ और चौथे स्थान पर महाराष्ट्र की टीम रही।

राजनांदगांव में 4 से 7 जनवरी तक आयोजित चार दिवसीय 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबाल कोर्ट में खेले गए 14 वर्ष बालक वर्ग के फाइनल मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते एकतरफा मैच में दिल्ली को 30 के विरूद्ध 45 अंक से पराजित करते स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। दिल्ली को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग के ही तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में सीबीएसईडब्ल्यूएसओ ने राजस्थान को 29-17 अंक से हराकर कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता के तहत 17 वर्ष बालिका बॉस्केटबॉल वर्ग के फाइनल मैच में भी मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हरियाणा को 38 के विरूद्ध 42 अंक से हराकर विजेता के साथ ही स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। हरियाणा को रजत पदक मिला। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में सीबीएसईडब्ल्यूएसओ ने महाराष्ट्र को आसान मैच में 36-18 अंक से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। मेजबान छत्तीसगढ़ बालक व बालिका दोनों ही वर्गों में विजेता रही और चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा किया। विजेता, उपविजेता सहित सभी प्रतिभागी, कोच, मैनेजर एवं अन्य सहयोगियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, सीबीएसई, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सीआईएससीई, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, जम्मू एंड कश्मीर, कर्नाटक, केन्द्रीय विद्यालय, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, नवोदय विद्यालय, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर और ओड़िसा की टीमों ने हिस्सा लिया।



### छत्तीसगढ़ के बालक-बालिका वर्ग टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन किया

# राष्ट्रीय बेसबॉल जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में जिले के खिलाडियों ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा





स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बेसबॉल 17 वर्ष बालक-बालिका वर्ग का राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 02 से 05 जनवरी तक आयोजित किया गया। जिसमे प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में हिमेश दास मानिकपुरी एवं बालिका वर्ग में मान्या प्रसाद का चयन हुआ था जो छत्तीसगढ़ टीम के लिए प्रतिनितिधत्व किया।

वहीं प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया की छत्तीसगढ़ के बालक व बालिका दोनों वर्ग के टीम ने अपने पुल के मैच जीतकर क्वाटर फाइनल के जगह बनाया, जिसमे इनका मुकबला जम्मू-कश्मीर से हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ के बालक टीम 05-00 से और बालिका टीम ने 07-01 से हराकर सेमी फाइनल प्रवेश किया जहा उनका मुकाबला बालक वर्ग में महाराष्ट्र के साथ और बालिका वर्ग में चंडीगढ़ के साथ हुआ।

जिसमे छत्तीसगढ़ के बालक-बालिका टीम ने अपने अच्छे प्रदर्शन के साथ दोनों टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसमे उनका सामना दोनों वर्गों में दिल्ली के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के बालक टीम ने 04-02 एवं बालिका टीम ने 05-03 के स्कोर से हराकर विजेता बने छत्तीसगढ़ टीम में हमारे जिले के दोनों खिलाडियों ने अच्छा प्रदर्शन किया और छत्तीसगढ़ टीम को पदक लगने में अहम भूमिका निभाया और प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया। वहीं इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मोहगांव के व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस का छत्तीसगढ़ टीम के मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया था, जो छत्तीसगढ़ टीम को पदक लगाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### दोनो खिलाड़ियों नें स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया



बालक वर्ग खिलाड़ी हिमेश दास कवर्धा के करपात्री स्कूल में कक्षा 9वीं का छात्र जो पिछले दो वर्ष पहले प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी में बेसबॉल खेलना शुरु किया था अभी तक हिमेश ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एक सिल्वर मेडल और एक कांस्य पदक प्राप्त किया साथ ही साथ राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता भोपाल में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिससे खिलाड़ी हिमेश दास प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। वहीं बालिका वर्ग मान्या प्रसाद मोहगांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल कक्षा 10वीं की छात्रा है, मान्या ने अभी तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो सिल्वर मेडल और नेशनल प्रतियोगिता जिसमे स्वर्ण पदक लगाया जिसके साथ इन दोनों खिलाडियों ने पदक लगाकर जिले का मान बढ़ाया है। जिस पर जिले के बेसबॉल राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, जिला वनमंडल अधिकारी चूड़ामणि सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, पूर्व पुलिस अधिक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार गुप्ता, जिला सहायक खेल अधिकारी दिनेश साहू व अश्वनी चंद्राकर, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, अतुल देशलहरा, पीटीआई मृत्युंजय शर्मा, श्याम चकोर, अमन ठाकुर, मो.तस्लीम आरिफ व समस्त खिलाडियों ने बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता समापन समारोह में शामिल हुए संतोष

- विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन झलमला में किया गया। वहीं समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने समापन अवसर पर झलमला में संकुल स्तरीय खेल कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं संकुल स्तरीय खेल में विजयी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में स्वस्थ्य रहने के लिए खेलों का विशेष महत्व होता है। उन्होंने केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराया। संतोष पटेल द्वारा छत्तीसगढ़ की वर्तमान नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा मोदी की गारंटी योजना के तहत 12वीं तक छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक प्राप्त होंगे इस संबंध में लोगों अवगत कराया। इस इस अवसर पर संकुल स्तरीय खेल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष बोड़ला भुवनेश्वर पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रेंगाखार जंगल कपूरचंद ठाकरे, जनपद पंचायत कवर्धा की सभापति विजय पटेल, अकल सिंह तिलगाम एवं बड़ी संख्या में संकुल के शिक्षक -शिक्षिका व छात्र-छात्राएं एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### सिंगपुर पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम पंचायत सिंगपुर में विकसित भारत यात्रा मोदी गारंटी रथ पहुंचा। जिसमें मत्स्य विभाग, नल-जल योजना, स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपना प्रदर्शनी लगाया। वहीं आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच टीबी, सिकलिन, बीपी, सुगर तत्काल किया गया एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया। साथ ही साथ विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय, उज्जवला गैस कनेक्शन, लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई गई। प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है अभी तक जिनको लाभ नहीं मिला है यहां आकर जानकारी प्राप्त किए जिसमें आधार कार्ड अपडेशन, उज्जवला गैंस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड का तत्काल लाभ प्राप्त किए। इस कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलित कर किया गया। विकसित भारत शपथ दिलाया गया क्विज में युवाओं ने भाग लिया प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान व टीशर्ट, केप वितरण किया।

#### खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयनितः ममता चंद्रवंशी



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत स्थित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पांडातराई में राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी की वशिष्ठ स्वयंसेविका ममता चंद्रवंशी जो की वर्तमान मे बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है, जो 02 से 08 जनवरी तक राष्ट्रीय एकता शिविर नेशनल इंटीग्रेशन कैंप के लिए दुर्ग छत्तीसगढ़ गई है और इस सात दिवसीय एनआईसी कैंप मे हिस्सा लेकर छत्तीसगढ़ की लोक विशेसता को प्रदर्षित किया। साथ हि अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पांडातराई का प्रतिनिधित्व किया और वहां की विभिन्न गतिविधियों मे भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास के साथ समाज सेवा मे अपनी सहभागिता दिया। जिस पर ममता चंद्रवंशी 2022 से राष्ट्रीय सेवा योजना मे जुड़कर निरंतर सेवा कार्य करती रही है। ममता चंद्रवंशी की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एलके तिवारी, एनसीसी प्रभारी डॉ द्वारिका प्रसाद चंद्रवंशी, डॉ एमके त्यागी, एसएस श्याम तथा महाविद्यालय के स्वयंसेवको बिरेंद्र कुमार, माया चंद्रवंशी, लक्ष्मण यादव, बिरेंद्र सिंह, ईश्वरी साहू समेत समस्त स्वयंसेवकों ने बधाई दी।

**कार्यालय, राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं.-पंडरिया तहसील पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**सूचना**

आवेदक-संजय पाण्डेय पिता/पति बलराम प्रसाद जाति-ब्राम्हण निवासी पण्डरिया विषय-सीमांकन की सूचना।

संदर्भ-न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया ज्ञापन क्र. 770, ज्ञापन दिनांक 16.03.2023

आपको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा सीमांकन हेतु प्रस्तुत किये गये आवेदन एवं तहसीलदार पण्डरिया द्वारा जारी ज्ञापन के परिपालन में खातेदार-संजय पाण्डेय, पिता-बलराम प्रसाद जाति-ब्राम्हण के नाम पर ग्राम-पण्डरिया, प.ह.नं. 36 अंतर्गत पटवारी रिकार्ड में दर्ज भूमि ख.नं. 632/2 रकबा 0.350 का सीमांकन आगामी दिनांक 12.01.2024 को 11.00 बजे से किया जाना है।

अतः आप समस्त हितबद्ध कृषक उक्त निर्धारित तिथि व निर्धारित समय में उक्त स्थल पर अपने समस्त भूमि संबंधित कागजात साथ उपस्थित होवें।

**सूचना तामिल हेतु व्यक्तियों के नाम**

01. संजय पाण्डेय/बलराम प्रसाद 02. बिरेन्द साहू/सियाराम 03. राकेश/नत्थूराम 04. संगीता/ बजरंग लाल 05. चिन्ता/शिव दयाल देवांगन 06. सुनीता/ विद्या प्रसाद पाण्डेय 07. सतीश/गणेश प्रसाद शर्मा 08. देव शंकर/जवाहर 09. हेमंत/गणेश 10. रजनी/रामधुन 11. भुवनेश्वर/ रामा पटवारी-श्री/श्रीमती............

प.ह.नं......... को सूचनार्थ

हस्ता/-02.01.2024

**राजस्व निरीक्षक तहसील-पण्डरिया(कबीरधाम)**

# नई सोच, नई पहल शिक्षा विभाग ने आयोजित की गुरु कौशलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के शिक्षा स्तर में वृद्धि के लिए की गई पहल संकुल स्तर से लेकर जिला स्तर तक खेल-कूद का आयोजन जैसे अनेक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किया जाता रहा है। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों की भी प्रतिभाओं को निखारने व उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सिंगिग कॉम्पिटिशन, मंच संचालन प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में बीते शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव में गुरू कौशलम नामक शीर्षक के माध्यम से देशभक्ति से ओत-प्रोत स्वरचित कविता वाचन, चित्रकला, मूर्तिकला व कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में जिले भर के लगभग 68 शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक विधा में तीन-तीन विजेता प्रतिभागियों को उपलब्धि प्रमाण पत्र देकर तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों की कलाओं को मंच देने व उनकी प्रतिभा का सम्मान करके, उनमें नई जोश व उत्साह भरने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक यूआर चंद्राकर, एमआईएस प्रशासक सतीश यदु एवं पूरी शिक्षा विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

# महिला उत्थान मंडल ने सुंदूर आदिवासी क्षेत्र में मातृ-पितृ पूजन एवं कंबल वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला उत्थान मंडल कवर्धा की बहनों द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत सुंदूर आदिवासी ग्राम पंचायत रानीदहरा के आश्रित ग्रामों पंडाटोला में संत आशारामजी बापू की पावन सद्प्रेरणा से संचालित सैकड़ो गरीब आदिवासी परिवारों के बीच कंबल, सहित महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया।

महिला उत्थान मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रानीदहरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पंडाटोला, बीचपारा, झुंगाटोला, बांधाटोला चोरभट्टी के आश्रित ग्राम तेंदुआडीह सहित आधा दर्जन सैकड़ो गरीब आदिवासी परिवारों को चिन्हांकित कर कंबल सहित अन्य सामग्रियां वितरण किया गया। इस दौरान श्री योग वेदांत सेवा समिति कवर्धा के सदस्य कपूरचंद्र ठाकरे, गणेश साहू, उदय राजपूत एवं महिला उत्थान मंडल की बहनों में प्रमुख रूप से सुनीता रघुवंशी, गायत्री राजपूत, स्वाति नुरूटि उपस्थित थे।

#### मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित

आदिवासी परिवारों में नशा के प्रति जन-जागरूक करते हुए गांव में भव्य रूप से मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम भी आयोजन किया गया था। संत आशारामजी बापू की पावन सत्प्रेरणा से सन 2006-07 से 14 फरवरी के दिन को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं श्री योगदान सेवा समिति के द्वारा नववर्ष के शुभारंभ पर भोरमदेव आश्रम में एक दिवसीय गीता भागवत सत्संग कार्यक्रम आयोजित कर मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम भी मनाया गया। इस दौरान युवा सेवा संघ रायपुर के सदस्यों द्वारा भोरमदेव आश्रम में आए हुए सैकड़ो गरीब आदिवासी परिवारों को कंबल वितरण किया गया।

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी कुण्डा पुलिस के गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

जिले के थाना कुण्डा पुलिस टीम को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि अवैध धन अर्जित करने के नीयत से आरोपी शोभित पिता रामनाथ चंद्राकर आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम खैरझिटी थाना कुण्डा द्वारा अपने मकान के पास अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। कि सूचना पर थाना प्रभारी कुण्डा ने टीम गठितकर मुखबिर के बताएं जगह पर पुलिस टीम रवाना कर आरोपी शोभित पिता रामनाथ चंद्राकर को रंगे हाथ अवैध शराब बिक्री करते हुए गवाहों के समक्ष गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी के कब्जे से कुल 5940 मिलीलीटर शराब कीमत 2640 रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 3, 2024 धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना कुण्डा पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### इंद्रीपानी में बैगा महिलाओं की बैठक आयोजित कर स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जा रहा

**हरिभूमि कवर्धा।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान प्रधानमंत्री जनमन का दुर्गम क्षेत्रों में किया जा रहा प्रचार-प्रसार जिले के प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था विशेष संरक्षित जनजाति पीवीटीजीएस बैगा समुदाय के लिए समर्पित गांधी ग्राम विकास समिति ग्रामोदय केंद्र द्वारा दुर्गम पहुंच विहीन वनांचल क्षेत्र में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान प्रधानमंत्री जनमन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिससे जिले के बैगा जनजातियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके। उन्हें सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैगा बाहुल्य ग्राम इंद्रीपानी में बैगा महिलाओं की बैठक आयोजित कर उन्हें पीवीटीजीएस स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का प्रयास किया गया। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन द्वारा नौ मंत्रालय द्वारा अभिसरण से 11 मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। जिसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें सबको पक्का मकान, हर घर नल जल, गांव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिए हॉस्टल, कौशल विकास, दूर-दराज गांवों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, स्वास्थ्य सेवाएं, टीबी मुक्त भारत, सबको पोषण, बेहतर आंगनबाड़ी केंद्र, उन्नत आजीविका, विशेष वनधन केंद्र की स्थापना, लघु वनोपज का संकलन, प्रसंस्करण, विपणन, दूर-दराज गांवों तक मोबाइल नेटवर्क के साथ ही बैगाओं के संपूर्ण विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संस्था द्वारा वर्तमान में समुदाय के मदद से आजीविका, पोषण एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसमें मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कतार मिश्रित खेती, कुपोषण और एनीमिया को मुक्त करने के लिए किचन गार्डन तैयार कराया जा रहा है। संस्था प्रमुख युवा सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकांत विगत कई वर्षों से पीवीटीजीएस बैगा समुदाय के साथ मिलकर बैगाओं के सांस्कृतिक, पारम्परिक और आजीविका विकास के लिए सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। जिले में संचालित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था प्रमुख चंद्रकांत यादव एवं संस्था के पदाधिकारी सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

### शराब बिक्री करते एक आरोपी पिपरिया पुलिस हिराशत में



**हरिभूमि पिपरिया।** जिले के थाना पिपरिया पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ। कि अवैध धन अर्जित करने के नीयत से आरोपी नरेश पिता लालाराम सिंह आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम खपरी थाना पिपरिया द्वारा अपने मकान के सामने अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। कि सूचना के थाना प्रभारी द्वारा टीम गठितकर रवाना कर आरोपी नरेश पिता लालाराम सिंह आयु 40 वर्ष खपरी को रंगे हाथों अवैध शराब बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी के कब्जे से कुल-1800 मिलीलीटर शराब कीमत 800 रूपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना पिपरिया में 34, 1 ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना पिपरिया पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

ज्योतिषी (अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)

पता- दीपक महाराज

Mo. 9300415345

# नई चमक रक्तदान, जनकल्याण समिति राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित होंगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिला अध्यक्ष हरीश साहू ने जताया युवाओं का आभार कहा ये सभी सम्मान रक्तदाता कि सक्रिया सहयोग और रक्तदान महादान का परिणाम हैं जो अनजान लोगों के लिए अपना खून तक दान कर युवाओं के साथ जन सेवा कार्य करना गर्व कि बात हैं। जिसमें ओम साई नाथ जनसेवा समिति भिलाई द्वारा 21 जनवरी कों नई चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति कों सम्मानित होंगें। समिति विभिन्न सम्मान से सम्मानित हैं जिसमें राज्यपाल से सम्मानित, अंतराष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित, चार बार राज्य स्तरीय जनसेवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं। समिति के सदस्यों कि सक्रियता और जिला के युवाओं का रक्तदान के प्रति जागरूकता से आज जिले मे अनेक प्रकार के बीमारियों से ग्रसित मरीजों का जो ब्लड कि कमी कि कमी से गुजर रहे होते हैं उन सभी मरीजों का परिवार बनकर समिति निरंतर 8 वर्षों से अपनी सेवा प्रदान कर रहीं हैं। समिति का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचाने मे हरीश साहू और उनकी टीम 24 घंटे जनसेवा कार्य मे समर्पित रहते हैं, समिति लोगो कि सेवा के साथ गौसेवा मे भी विशेष पहल कर गौसेवा का कार्य भी करते हैं समिति ने जिले मे अपने अलग पहचान बनाई हैं जो पूरे अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक समिति का नाम लिया जाता हैं जो कवर्धा जिले के लिए गर्व कि बात हैं। पिछले वर्ष 12 मार्च 2023 कों देश कों आजादी दिलाने वाले कारगिल योद्धा दीपचंद ने बिकानेर राजस्थान मे समिति अध्यक्ष हरीश साहू कों ग्लोबल चेंज मेकर अवार्ड से सम्मानित किया था। समिति अध्यक्ष राज्यपाल के हाथों भी सम्मानित हैं। साथ हीं साथ हाल हीं मे 18 दिसम्बर कों संत गुरूघासी दास जयंती पर कवर्धा मे प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति संरक्षक सदस्य राजा टाटिया, कोमल राजपूत, बालाराम साहू, जीवन कौशिक, सचिव कुंजबिहारी साहू, कोषाध्यक्ष सतीश डाहिरे, आशु चंद्रवंशी, दुलारु साहू, रवि चंद्रवंशी, श्रीराम पटेल, बाली पाटिल, विशु रजक ने इस सम्मान के लिए रक्तवीर युवाओं का आभार व्यक्त किया।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.

तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154

8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल

छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.

डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)

जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार

छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)

रायपुर: 9406004581

बिलासपुर: 7869048192

अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज

ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।

L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सायटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।

घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## अनदेखी: मुखबिर की सूचना पर पाण्डातराई पुलिस ने की कार्यवाही

# किराना दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही सरकारी अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अगर पंडरिया क्षेत्र के लोगों द्वारा ये आरोप लगाया जा रहा है कि क्षेत्रीय पुलिस और आबकारी विभाग की अनदेखी तथा गैर जिम्मेदारी के चलते पूरे क्षेत्र में धड़ल्ले से सरकारी शराब अवैध रूप से गांव, गांव, गली-गली में और यहां तक की किराना, पान ठेलों तथा हॉटलों में बेंची जा रही है तो यह गलत नहीं है। क्योंकि पाण्डातराई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई एक कार्यवाही इस आरोप की पुष्टि करती है।

दरअसल पाण्डातराई पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि थाना मुख्यालय पाण्डातराई स्थित रामजानकी मंदिर के पास एक किराना दुकान में अन्य सामानो के साथ दुकान संचालक द्वारा अवैध रूप से सरकारी शराब की बिक्री भी कर रहा है।

इस सूचना पाण्डातराई पुलिस की एक टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दुकान संचालक लालजी पिता देव साहू आयु 45 वर्ष निवासी रामजानकी मंदिर के पास थाना पांडातराई के समक्ष दुकान की तलाशी ली और मौके से कुल-1980 मिली लीटर देशी शराब जप्त कर ली। जिसकी कुल कीमत करीब 880 रुपए आंकी गई है।



बताया जाता है कि इस जप्ती के बाद पुलिस ने आरोपी किराना दुकान संचालक को अपराध क्रमांक- 10/2024 धारा 34,(1)ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

लेकिन माना जा रहा है कि यह मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की सिर्फ औपचारिकता है।

जबकि यह स्पष्ट समझा जा सकता है कि जब थाना मुख्यालय में इस ठंग से खुलेआम किराना दुकान में सरकारी शराब अवैध रूप से बिक रही है तो सवाल उठना लाजिमी है कि पूरे क्षेत्र के ग्रामीण अंचालों किस ढंग से अवैध शराब का दरिया बह रहा होगा।

### आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर लगातार उठ रहे सवाल

यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन ने सरकारी शराब बेंचने का ठेका जिले के आबकारी विभाग को दे रखा है और जिले में संचालित सभी सरकारी शराब दुकानों में आबकारी विभाग का ही अमला शराब बेंच रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर इस तरह के किराना दुकान संचालकों और कोचिओं तक सरकारी शराब की अवैध खेप कैसे और कहा से उपलब्ध हो रही है। जिसे लेकर आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे है।

### ठोस कार्यवाही की जरूरत

जिले के थाना क्षेत्रो में अवैध शराब बिक्री की शिकायत कोई नई नहीं है। इस तरह की शिकायतें पूर्वर्ती कांग्रेस शासनकाल के दौरान भी सामने आती है और लोगों द्वारा इस पर ठोस कार्सवाही की मांग भी की जाती है रही है। लेकिन लोगों का मत है कि कांग्रेस शासनकाल में सरकारी शराब बेंचने वाले आबकारी विभाग द्वारा सरकार के राज्य को ध्यान में रखते हुए और शराब की खपत की लक्ष्य पूर्ति के चलते अवैध शराब बिक्री की शिकायतों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। लेकिन अब प्रदेश में सत्ता बदल चुकि है और लोगों की उम्मीद है कि कम से भाजपा की सरकार ऐंसी सोच न रखे तथा अवैध शराब बिक्री पर अभियान चलाकर ठोस कार्यवाही करने के निर्देश जारी करे।

# पोंड़ी-पंडरिया मार्ग में पलटी गन्ना से भरी ट्रेक्टर ट्राली



■ करीब साड़े पांच घंटे तक बंद रहा पोड़ी-बिलासपुर मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले से गुजरने वाले पोंड़ी-पंडरिया मार्ग में शनिवार की रात पाण्डातराई थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम परसवारा के पास गन्ना से भरी एक ट्रेक्टर ट्राली के पलट जाने से चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग घंटों जाम रहा। जिससे आने जाने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 8.00 बजे पाण्डातराई की तरफ आ रही गन्ना से भरी एक ट्रेक्टर ट्राली निर्माणाधीन पोंड़ी-पंडरिया मार्ग में ग्राम परसवारा के पास एक निर्माणाधीन पुलिया के पास पलट गई।

जिससे यह मार्ग जाम हो गया। बताया जाता है कि कवर्धा से बिलासपुर, लोरमी और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाले इस चौबिसों घंटे आगदरफ्त वाले मार्ग में हुई दुर्घटना से रात करीब 1.30 बजे तक मार्ग जाम रहा है। जिसके चलते मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारें लग गई। बाद में घटना की जानकारी मिले के बाद मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने मार्ग को बहाल कराया। इस दौराना वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मालवाहक वाहनो में ढोई जा रही, बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

कवर्धा। जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्रामों में नियम कायदों को ताक में रखकर जमकर माल वाहक वाहनो में सवारियां ढोई जा रही है। जिससे न सिर्फ सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है बल्कि लोगों की जाने भी जा रही है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पोलमी, नेऊर, कांदावानी, कोदवागोड़ान, अमनिया सहित अन्य वनांचल ग्रामों में भरने वाले साप्ताहिक बाजारों में आने वाले व्यापारी अपने मालवाहक वाहक वाहनो में सवारियां ढोने का कार्य कर रहे हैं। वहीं अन्य वाहन मालिक भी अपने मालवाहक वाहनो को सवारियां ढोने के लिए बुकिंग में चला रहे हैं। जो न सिर्फ नियम कायदों के विपरीत है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद खतरनाक भी है।

### दुर्घटनाओं को न्यौता...



### खबर संक्षेप

### शासन ने की मध्याह्न भोजन की किस्त जारी

कवर्धा। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 76 करोड़ 2 लाख 90 हजार रुपए की तृतीय किस्त सिंगल नोडल एजेंसी के खाते में आवंटित कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने जिलों को जारी तृतीय किस्त में से मटेरियल कास्ट के लिए 33 करोड़ 77 लाख 31 हजार रुपए, रसोइया मानदेय 40 करोड़ 75 लाख 84 हजार रुपए और एमएमई (प्रबंधन) के लिए एक करोड़ 49 लाख 75 हजार रुपए की राशि जारी है। इसमें कबीरधाम जिले के लिए कुकिंग कास्ट एक करोड़ 40 लाख 78 हजार रुपए और रसोइया मानदेय एक करोड़ 39 लाख 75 हजार रुपए शामिल है।

### कालाबाजारी रोकने डीएम ने की टीम गठित

कवर्धा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और कालाबाजारी की रोकथाम व आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति का रखरखाव के लिए जिले में टीम का गठन किया है। जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में संचालित पेट्रोल, डीजल पंप व घरेलू एलपीजी एजेंसियों पर सतत निगरानी रखेंगे। जिले के नागरिकों सहायता के लिए पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### परीक्षा शुल्क का आभाविप ने किया विरोध

कवर्धा। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) भिलाई ने परीक्षा शुल्क में 576 रुपए बढ़ोतरी कर दी है। पूर्व में परोक्षा शुल्क 800 रुपए थी, जिसे बढ़ाकर अब 1376 रुपए कर दिए हैं। इससे यूनिवर्सिटी से संबद्धता वाले कवर्धा के पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टूडेंट्स भी प्रभावित भावित हैं। परीक्षा शुल्क वृद्धि के विरोध में अभाविप ने शनिवार को प्रदर्शन किया। वीर स्तंभ चौक पर कार्यकर्ताओं ने संबद्धता भिलाई के कुलपति डॉ. एमके वर्मा का पुतला जलाया। परीक्षा शूल्क में जो बढ़ोतरी की गई है, उसे वापस लेने मांग की गई। अभाविप की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तुलसी यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय में 50 फीसदी से अधिक स्टूडेंट्स गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। ऐसे में परीक्षा फीस में 500 रुपए तक की बढ़ोतरी किसी प्रकार से न्याय संगत नहीं है। यही नहीं, परीक्षा शुल्क जमा करने बहुत कम समय निर्धारित की गई है।



# अंचल का सर्द मौसम फूलों पर मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अंचल में पड़ रही कड़ाके की ठंड से जहां समूचा जनजीवन अस्त व्यस्त सा नजर आ रहा है। वहीं बसंत की आहट लेकर चल रहे सर्द हवाओं के झोंके फूलों पर खासे मेहरवान नजर आ रहे है।

उल्लेखनीय कि इस वर्ष जनवरी माह में भी लोग कड़ाके की ठंड महसूस कर रहे है और ठंड भी ऐसी जिसने समूचे अंचल को ठिठुरने मजबूर कर दिया है। इस ठंड का आलम वनांचल ईलाकों में तो ये है कि लोग शाम ढलने के साथ ही अपने-अपने घरों में दुबने मजबूर हो जाते है। लेकिन सबसे नाजुक समझे जाने वाले फूल इस सर्द मौसम में इठला रहे है। मानो सर्द हवाओं के झोंके इन फूलों पर महरबान है।

अंचल के पर्यावरण प्रेमियों की माने तो इन दिनों घरों की बगिया सें लेकर नर्सरियों में गुलाब कें फूल सहित अन्य किस्म के फूल जमकर खिल रहे है। उन्होंने बताया कि ठंड में पडन्नें वाली ओस और मौसम की अनुकूलता का परिणाम है कि अपनी भीनी सुगन्ध सें लोगों कों प्रफुल्लित करनें वालें गेदें कें फूल अब तक खिलकर घर आंगनों की शोभा बढ़ा रहें है। फूलों के लिए मौसम अनुकूल होने के कारण शहरी क्षेत्रों में भी बाग, बगीचों व लोगों के घर आंगन फूलों की खुशबू से महक रहे है।

# सट्टा पट्टी लिखते आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶पोड़ी

जिले के समस्त थाना-चौकी अंतर्गत अपराध रोकथाम तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना-प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिस पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा थाना-चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक त्रिलोक प्रधान द्वारा पुलिस टीम गठित कर क्षेत्र में अंक गणित के अंकों पर दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी रियाजुद्दीन उर्फ गोलू पिता जोहीयूद्दीन आयु 38 वर्ष निवासी ग्राम पोंड़ी को एक नग सट्टा-पट्टी तथा सट्टे की नगदी रकम 550 रुपए को आरोपी के कब्जे जप्तकर उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुवा प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत गांवों में शिविर का आयोजन

■ 14 जनवरी तक कुल 67 ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रधानमंत्री जनमन योजना का क्रियान्वन कबीरधाम जिले में बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल गावों में किया जा रहा है।

बैगा गावों और विशेष पिछड़ी बैगा जनजातीय समाज के अंतिम व्यक्ति को इस योजना से जोड़ने और इस योजना की गाइडलाईन के निर्देशों के अनुरूप उनको लाभ पहुंचाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के इन दोनों विकासखण्ड के 256 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल ग्रामों को शामिल किया गया है।

जिसमें बोडला विकासखण्ड के 179 ग्राम और पंडरिया विकासखण्ड के 77 ग्राम शामिल है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिले के बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम पंचायातों में प्रत्येक दिन 10 शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दोनो



विकासखंडों में 8 जनवरी से 14 जनवरी तक कुल 67 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे।

8 जनवरी को विकासखंड बोड़ला के ग्राम बांधा, बरबसपुर, बाटीपथरा, बेंदा, भूरसीपकरी और विकासखंड पंडरिया के ग्राम आगरपानी, अमनिया, भेड़ागढ़, भेलकी और गंगपूर में शिविर लगाई जाएगी। इसी प्रकार 9 जनवरी को विकासखंड बोड़ला के ग्राम बोदा-47, बोक्करखार, बोरिया, छुरा, चेंद्रादादर और विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंदावनी, कुई, कुल्हीडोंगरी, लिम्हईपुर, लोखन में, 10 जनवरी को विकासखंड बोड़ला के ग्राम छपरी, दलदली, डोंगरिया, घानीखुटा, चिमरा, जामुनपानी, झलमाला विकासखंड पंडरिया के ग्राम सिंगपुर, तेलीपनी लेदरा, 11 जनवरी को विकासखंड बोड़ला के ग्राम झंडी, कबराटोला, कामाडबरी, कांपा, कसमर्दा, कटंगीकला, केसदा, खड़ौदा, खरिया, कोयराझोरी,12 जनवरी को ग्राम कुकरापानी, लब्दा, मगरदा, मगरवाड़ा, महालीघाट, मन्नाबेदी, मिनमिनिया, नगर पंचायत बोड़ला, नंदनी, नवागांव, 13 जनवरी को ग्राम निवासपुर, पलानीपत, पंडरीपनी, पेंड्रिया जंगल, पीपारखुटा, राजाढार, रेंगाखार कला, रानीगुड़ा, सरेखा, सिवानीकला और 14 जनवरी को ग्राम शंभूपीपर, शीतलपानी, सिंघनपुरी, सिंघारी, तरेगाव और तितरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# गन्ना के खेत में शार्ट सर्किट से लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

जिले के विकसखण्ड पंडरिया के ग्राम कारीमाटी में एक बार फिर से गन्ना के खेत में अग्नी दुर्घटना सामने आई है, जिसमें आग की चपेट में आई करीब 1.50 एकड़ का गन्ना फसल आग में प्रभावित हुई है। आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बनाया जा रहा है। पीड़ित किसान नारायण पिता इंदरमन को आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन- प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ताकि नुकसान की भरपाई हो सके। छोटी सी चिंगारी धीरे धीरे भीषण रुप धारण कर आसपास के गन्ना फसल को अपने आगोश में लेते चले गए, जिसे काबू करना शायद किसी के बस में नहीं था। साल भर की मेहनत से उगाई फसल धुं-धुं कर जलते रहे और किसान बेबस होकर देखते रहे।

## कई स्कूलों के खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाई अपनी खेल प्रतिभा

# ग्राम दामापुर बाजार में जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा



बच्चों में खेलकूद के प्रति रूचि लाने और स्वस्थ्य तन के साथ स्वस्थ्य मन की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दामापुर में जोन स्तरीय खेलकूल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के आठ संकूल के स्कूली बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सभी संकुल के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के तहत बच्चों के बीच खो-खो, कबड्डी, रस्सा कशी, रिले रेस, घड़ा दौड़, लंबी कूद, त्रितंगी दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़, 100, 200 मीटर दौड़ आदि खेलों में सभी बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी सेवाराम कुर्रे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया, तुलस कश्यप , मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। अध्यक्षता दामापुर सरपंच सफील खान एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य अश्वनी यदु ने की। इस अवसर पर सेवाराम कुर्रे ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन एक सराहनीय कदम है। जिससे बच्चों को ऊर्जावान बनाकर सफलता की ओर अग्रसर करने, प्रोत्साहन करने, स्वास्थ्य स्थिति में सुधार, अनुशासन, सहयोग व सामाजिकता की भावना का विकास करने आदि उद्देश्य की पूर्ति होती है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री बनर्जी, पंच फिरोज खान, रमेश घृतलहरे, ललित साहू, उमेंद यादव, पूर्व उपसरपंच धनवा बनर्जी, संकूल प्रभारी जिनेंद्र बनर्जी, संकुल समन्वयक सुरेंद्र नेताम एवं ग्रीन जोन के समस्त संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मौसमी उथल पुथल ने फिर बढ़ाई जिले के मैदानी व वनांचल ईलाकों में ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



बीते शनिवार को अंचल के कई ईलाकों में हुई हल्की तेज बारिश और आसमान में छाई बदली के बाद जोर मार रही ठंड लगातार अपना रौद्र रूप दिखा रही है। ठंड का सार्वधिक असर जिले के वनांचल ईलाकों में देखने को मिल रहा है। वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल, दलदली, कुई, कुकदुर सहित अन्य वनांचल ईलाकों से निकलकर आई खबरों के अनुसार जनवरी माह के शुरूआती दिनो में ठंड एक बार फिर अपना जलवा बिखेर रही है। स्थिति ये है कि वनांचल ईलाकों में दांत कड़कड़ाने वाली ठंड का एहसास हो रहा है। लोग शाम ढलने के बाद से अपने-अपने घरों में रजाई गद्दा, कंबल ओढ़े दुबकने लगे है। वहीं युवा और घुमक्कड़ लोग भी अलाव जलाकर ठंड का आनंद ले रहे है। चि ल फी घा टी , रेंगाखार, तरेगांव जंगल तथा दलदली के लोगों ने बताया कि पिछले हप्तेभर से इस पूरे ईलाके में जबरदस्त ठंड पड़ रही है। स्थिति ये है कि लोगों का शाम ढ़लने के बाद अपने घरों से निकलना दूभर हो गया है। मौसम के मिजाज को देखते हुए लग रहा है कि आने वाले दिनो ठंड और बढ़ सकती है।